हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

04 हजरत दुल्हाबादशाह दरगाह पर 11 वीं शरीफ...

07 प्रशासन की अनदेखी के चलते काट दी कॉलोनाइजर...




## खबर संक्षेप

### सीए फाइनल के एडमिट कार्ड जारी

**सीहोर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने नवंबर के लिए सीए फाइनल एडमिट कार्ड जारी कर दिया हे। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर उपलब्ध अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने लॉगआन क्रेडेंशियल, रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड का उपयोग करके अपने सीए फाइनल एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। फाइनल परीक्षा 3 से 13 नवंबर तक ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपना सीए फाइनल नंबर एडमिट कार्ड परीक्षा केंद्र पर ले जाना अनिवार्य होगा।

### सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम

**सीहोर।** बिजली चोरी को रोकने के लिए बिजली कंपनी ने खास तैयारी की है। कंपनी ने जहां पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने में विभागीय कर्मचारियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में आउटसोर्स कर्मचारियों को भी शामिल किया है। कंपनी की वेबसाइट पर जाकर लिंक पर सूचना देने की व्यवस्था की गई है। इसमें विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की कुल राशि जमा होने पर उसका 10 प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में सूचना देने वाले को दिए जाने का प्रावधान है।

### यूजी : 23 तक होंगे एडमिशन

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रों को पुर एक बार बड़ी राहत दी है। छात्र अब 23 अक्टूबर तक यूजी चौथे वर्ष में एडमिशन ले सकेंगे। यही नहीं इसी समय सीमा तक छात्र यूजी सेकंड, फानइल ईयर में भी प्रमोशन ले सकेंगे। दरअसल छात्रों को फर्स्ट से सेकंड और सेकंड से फाइनल में प्रमोशन लेना होता है। मुख्य एग्जाम के रिजल्ट आ चुके हैं, पहली बार यूजी में चौथे वर्ष में भी प्रमोशन हो रहे हैं।


### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जाएगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे।

## मानसून की विदाई के बाद फिर से बारिश, किसानों की परेशानी बढ़ी

# आंगन में रखी 30 क्विंटल मक्का बही, एक सप्ताह में चार बार से ज्यादा बरसा पानी

पानी में से बचाकर निकाली गई और ट्रॉली में भरकर रखी। किसान रतन ने शासन, प्रशासन से मदद की गुहार लगाई।











हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले में मानसून गए पांच दिन बीत गए बावजूद एक बार फिर बारिश शुरू हो गई। रविवार की सुबह अचानक तेज़ बारिश का दौर शुरू हो गया। सुबह करीब 6 बजे डेढ़ घंटे की बारिश से खेत, खलिहानों में पानी भराया।

भैरूंदा की ग्राम पंचायत छिदगांव मौजी में किसान रतन ने अपनी मक्का की फसल घर के आंगन में रखी हुई थी। रविवार सुबह करीब 6 बजे अचानक तेज़ बारिश हुई और खेत का पानी आंगन से बहने लगा बारिश का पानी मैं मक्का की फसल तैरने लगी। और पानी के बहाव में करीब पांच एकड़ में निकली 50 क्विंटल में से क़रीब 30 क्विंटल मक्का की फसल पानी में बह गई। इसकी जानकारी ग्रामीणों में लगी, मदद के लिए लोग आगे आएं। लोगो की मदद से पानी में तैर रही मक्का को, घर के बर्तन, फल के कैरेट की मदद से करीब 20 क्विंटल मक्का को बहते पानी में से बचाकर निकाली गई और ट्रॉली में भरकर रखी गई। किसान रतन ने शासन ,प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। उनकी मक्का की फसल का जोभी नुकसान हुआ। उसकी भरपाई की जाए, जिससे किसान रतन अपनी अगली फसल की बुआई कर सके। किसान रतन ने बताया शनिवार को लाडकुई के व्यापारी अशोक पाराशर मक्का को सैंपल दिखाया था जिसका सौदा 2000 हज़ार प्रति क्विंटल की रसीद डेकर तय किया गया था। किसान रतन ने अपने खेत में रखी फ़सल को किराए के टैक्टर ट्रॉली में भरकर व्यापारी अशोक पाराशर की दुकान लेकर पहुंचा तभी व्यापारी ने उसकी मक्का का दाम 1500 प्रति क्विंटल बताने लगा और तय सौदे से मुकर गया। किसान रतन ने कहा कल 2000 प्रति क्विंटल में सौदा हुआ था और 1500 में खरीद रहे हैं, व्यापरी ने मक्का में नमी का बोलकर दाम कम कर दियाऔर खरीदने से इंकार कर दिया।

किसान रतन ने अपनी फसल वापस घर ले आएं।तभी वाहन मालिक ने कहा उसको टैक्टर की जरूरत है, किसान रतन ने मक्का की फसल को घर के आंगन में खाली कर दी वाहन मालिक अपना टैक्टर वाहन लेकर चला गया।रविवार होने के कारण वह अपनी फसल मण्डी नही बेच सका।अगले दिन सोमवार को सुबह बेचने के लिए लेकर जाने वाला था। रविवार सुबह करीब 6 बजे अचानक तेज़ बारिश हुई और खेत का पानी घर के आंगन में भर गया और मक्का की फसल बह गई। किसान रतन ने कहा उसकी फ़सल का जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई व्यापारी अशोक पाराशर से कराई जाए।

**किसानो ने कहा एक सप्ताह में चार दिन बारिश हुई :** 9 अक्टूबर , 13अक्टूबर 16अक्टूबर, 19 अक्टूबर के दिन में एक एक घंटे की तेज बारिश से सोयाबीन,मक्का, सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ वही जनजीवन प्रभावित हुआ। किसान खेतों से अपनी फसल भी नहीं समेट पाया। गुलरपुरा हनुमान मंदिर के चारो ओर करीब दो फीट के ऊपर पानी भरा गया जिससे पुजारी सहित रहवासी मंदिर तक नहीं पहुंच पाए और पूजा भी नहीं कर सकें।

### किसान आंखों के सामने पानी में बर्बाद होते देख रहे फसलों को

लगातार हो रही बारिश के चलते किसानों के चेहरे पीले पड़ गए हैं। खेत-खलिहानों में पड़ी पीला सोना कहलाने वाली सोयाबीन अब काली पड़ने के कगार पर आ गई। इससे किसानों की हालत पस्त हो गई है। अधिकाश जगह फसल खराब हो चुकी है। सतत बारिश की मार झेल रहे किसानों को इस साल मानसून ने रुला दिया है। इसने सोयाबीन, मक्का की फसलों को बर्बाद कर दिया है। रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण खेत-खलिहानों में पड़ी सोयाबीन फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई जगह तो कटाई के दौरान खेतों में पड़ी पूरी फसल ही पानी में डूब गई। किसानों की परेशानी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। लगातार हो रही बारिश ने खेतों से मंडी तक के सफर को मिट्टी में मिला दिया।

## एसडीएम ने लाड़कुई एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**सीहोर।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए भैरूंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी ने लाड़कुई स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया तथा एसएसटी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी ने निगरानी दल को निर्देश दिए कि यहां आने जाने वाले वाहनों की निगरानी एवं जांच की जाये। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का अवैध मादक पदार्थों का परिवहन नही होने दिया जाए एवं निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सौरभ शर्मा उपस्थित थे।



### एसएसटी चेक पोस्ट ने 51200 रुपए किए जब्त

बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार एफएसटी एवं एसएसटी दलों द्वारा वाहनों की निरंतर चेकिंग की जा रही है। चैकिंग के दौरान एसएसटी चेक पोस्ट नांदनेर के कर्मचारियों द्वारा 51 हजार 200 रूपये की नगद राशि जब्त की गई। इसके साथ ही एफएसटी दलों द्वारा क्षेत्र में निरंतर भ्रमण और निरीक्षण किए जा रहे हैं। एफएसटी एवं एसएसटी दल आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार व्यवधान न हो सके।

## 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 30 अक्टूबर को लिए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र वापस

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुधनी विधानसभा के उप निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता पूरे जिले में प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी तथा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। मतदान 13 नवम्बर 2024 को होगा तथा मतगणना 23 नवंबर 2024 को की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव गतिविधियों की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहित के दौरान शासकीय कर्मचारियों के जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश पर जाने और मुख्यालय से बाहर रहने पर रोक लगा दी गई है। राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए शासकीय/अशासकीय भवनों का नरे लिखना, बैनर लगाना, पोस्टर लगाना, विद्युत एवं टेलीफोन के खंभों पर पोस्टर लगाना एवं झंडियां आदि लगाना प्रतिबंधित है। धारा 163 के अंतर्गत बंदूक, विस्फोटक सामग्री, आग्नेय शस्त्र तथा प्रण घातक हथियार, लाठी-डंडे, जाति द्वेश भड़काने आदि प्रतिबंधित है। सभी लाइसेंस धारियों को आग्नेय शस्त्रों का जमा कराया जाना अनिवार्य है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 के तहत मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना सामग्री मुद्रित कराना अपराध है। एसडीएम की अनुमति के बिना आमसभा, रैली तथा लाउड स्पीकर का उपयोग किया जाना प्रतिबंधित है। सराय, धर्मशाला, होटल, लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी थाना प्रभारी, तहसीलदार व एसडीएम को प्रस्तुत करना होगा। वैध अनुमति पर ध्वनि विस्तारक यंत्र रात्रि 10 बजे के पश्चात एवं प्रातः 06 बजे के पहले पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। अभ्यर्थी की लिखित अनुमति के बिना अभ्यर्थियों के लिए पोस्टर, फ्लेक्स, बैनर, मुद्रित कराना लगाना, आम सभा एवं रैली करना अपराध। अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दलों द्वारा वाहनों की अनुमति विंड स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा।

## शिक्षाः छात्र-छात्राओं में जीवन कौशल को विकसित करने का है मकसद

# जिले के सभी शास. हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में बनेंगे उमंग कॉर्नर, रखेंगे प्रश्न पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले सहित प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में उमंग कॉर्नर बनाए जाएंगे। इनमें बच्चों के लिए जीवन कौशल संबंधित सामग्री रखी जाएगी। इसके साथ ही प्रश्न पेटी भी रहेगी। इसमें बच्चे अपने मन में आने वाले प्रश्नों को लिखकर डाल सकेंगे, ताकि जीवन कौशल के लिए उनके उत्तर मिल सकें। उमंग कॉर्नर की स्थापना के लिए जिला स्तर पर स्कूलों में प्रक्रिया शुरू हो गई। उमंग कॉर्नर में हेल्थ एंड वैलनेस संबंधित पठन-पाठन सामग्री, मार्गदर्शिकाएं, विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हैंडआउट्स, उज्जवल मार्गदर्शिका तथा हेल्पलाइन संबंधित सामग्री रखी जाएगी। एक प्रश्न पेटी रखी जाएगी। जिसमें विद्यार्थी ऐसे प्रश्न डाल सकते हैं, जिन्हें पूछने में वह झिझकते हैं।

### उमंग कॉर्नर में यह रहेगा

उज्ज्वल मार्गदर्शिका, आयाम पुस्तिका, माधव मुस्कान कॉमिक बुक्स, उमंग किशोर हेल्पलाइन पोस्टर्स, ऑफिस टेबल, डिसप्ले रेक, उमंग एवं उज्ज्वल सेशन रिकॉर्ड रजिस्टर, बदलाव की कहानियों (केस यों (केस स्टडी, सक्सेस स्टडी) के संधारण के लिए फोल्डर, नोटिस पोर्ड, प्रश्न पेटी, उज्ज्वल पोस्टर आदि।

### लाखों छात्र-छात्राओं को मिलेगा फायदा

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी हाई एवं हाई सेकंडरी स्कूलों में संचालित किया जा रहा है। इसका मकसद छात्र-छात्राओं में जीवन कौशल को विकसित करना, ताकि वे अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकें और बेहतर स्वास्थ्य के लिए उचित निर्णय ले सकें। जिसका फायदा इन स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं को मिलेगा।

### ऐसे होगा कार्यः ऐसे स्थान का चयन जहां विद्यार्थियों की सहज पहुंच हो

1. स्कूल में परिसर ऐसे उपयुक्त स्थान का चयन जहां विद्यार्थियों की सहज पहुंच हो। यदि स्कूलों में पर्याप्त जगह हो, तो स्कूल का एक कमरा भी उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के तहत तैयार किया जा सकता है। इसमें उमंग कॉर्नर भी हो और अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिए उचित बैठक व्यवस्था भी हो। 2. उमंग कॉर्नर में उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम से संबंधित पठन-पाठन व संचार सामग्री विशेष रूप से उपलब्ध रहेगी। 3. कक्षा में लिए गए उमंग सत्रों का रिकॉर्ड रजिस्टर, आयोजित गतिविधियों के फोटो व बदलाव की कहानियां। 4. यदि पर्याप्त स्थान नहीं है तो किन्हीं दो दीवारों को भी कॉर्नर के रूप में विकसित किया जा सकता है।

## जंगल में चल रही भट्टी को किया नष्ट 100 किलो महुआ लहान जब्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधनी पुलिस ने ग्राम जोशीपुर के जंगल में चल रही एक अवैध शराब की भट्टी को नष्ट कर दिया। कार्रवाई में करीब 100 किलो महुआ लहान जब्त किया गया, जिसकी बाजार में कीमत करीब 10,000 रुपए है।

जानकारी के मुताबिक जिले में आचार संहिता लागू होने के बाद से ही पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत बुधनी एसडीओपी शशांक सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी ने एक टीम का गठन किया और अवैध शराब की भट्टी पर छापा मारा।

**20 लीटर कच्ची शराब बरामद :** इस दौरान पुलिस ने जोशीपुर निवासी आरोपी राकेश पवार (40 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से 20 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 2,000 रुपए है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### बीएलओ की बैठक आयोजित

**सीहोर।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में रेहटी में सभी बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बीएलओ से मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन संबंधी जानकारी, न्यूनतम भौतिक आवश्यकता की जानकारी ली गई एवं उप निर्वाचन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सभी बीएलओ से उनके क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, और फर्नीचर एवं न्यूनतम भौतिक आवश्यकता की जानकारी ली गई। इसके साथ ही यह निर्देश दिए कि यदि मतदान केंद्र पर कोई कमी हो, तो उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही बैठक में उप निर्वाचन के दौरान निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

### जनसुनवाई स्थगित

**सीहोर।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आचार्य संहिता प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई स्थगित कर दी गई है।

### निरंतर की जा रही है वाहनों की चेकिंग



**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एफएसटी एवं एसएसटी दलों द्वारा वाहनों की निरंतर चेकिंग की जा रही है तथा टीम द्वारा सघन निगरानी रखी जा रही है। इसके इसके साथ ही क्षेत्र में निरंतर गश्त और निरीक्षण किए जा रहे हैं। एफएसटी एवं एसएसटी दल आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार व्यवधान न हो सके।

### निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 को

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्यक्रम अंतर्गत 29 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने और नाम हटवाने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

## आधी रात तक कव्वालियों का लुफ्त उठाते रहे सैकड़ों लोग


# हजरत दुल्हाबादशाह दरगाह पर 11 वीं शरीफ के तहत पेश किए कलाम

### एकता के साथ रहकर राष्ट्रहित में कत्र्तव्यों का पालन करना चाहिए : राकेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इबादती कव्वालियों ने बुजुर्गो के साथ युवाओं को भी जोश जुनून से भर दिया। कव्वालियों में मजहबी के साथ वतन परस्ती का भी लुक सुनाई दिया। सैकड़ों श्रोताओं को भोपाल सीहोर के तीन मशहूर कव्वालों ने रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक बांधे रखा। आधी रात तक कव्वालियों का लु$फत सैकड़ों रूहानी कव्वालियों के दिवाने लोग उठाते रहे। हजरत दुल्हाबादशाह बाबा की दरगाह पर 11 वीं शरीफ के तहत ईबादती कलाम पेश किए गए। बाबा की बारगाह में अमन शांति खुशियाली के लिए हजरात के द्वारा दुआऐं की गई।

हजरत दुल्हाबादशाह दरगाह परिसर सीहोर में शनिवार रात राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच, सर्वधर्म उर्स कमेटी के द्वारा कव्वालियों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय सम्मिलित हुए। भोपाल से पहुंचे कव्वाल अंसार अली, फैज अली साबरी और सीहोर के कव्वाल कासम झंकार, तारिक मियां द्वारा अपने कलाम पेश किए गए। आयोजक सर्वधर्म उर्स कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान,राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ और राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान,कमेटी के उपाध्यक्ष हमीद हाजीउमरजी और नफीस बाबा के द्वारा मुख्य अतिथि और कव्वालों का सांफा बांधकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने कहा कि हजरत दुल्हा बादशाह बाबा दरगाह सर्वधर्म कमेटी के द्वारा लगातार कौमी एकता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कर शांति एकता और समरसता का बढ़ा पैगाम दिया जा रहा है। उन्होने कहा की ईश्वर अल्ला की इबादत भक्ति के अनेक तरीके है



लेकिन मंजिल सभी की एक है सभी को एक हीं जगह जाना है हम सभी की एकता के साथ रहकर अपने मजहबी धार्मिक और राष्ट्रहित में कत्र्तव्यों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरशद अली, हसीन खान, हमीद अली, नफीस बाबा, अजहर बाबा, डॉ इम्तियाज अली, अनवर बाबा, भंवरलाल पटेल सहित कमेटी सदस्यों का सहयोग रहा।

## प्रतिभा खोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**भैरूंदा।** भारती विद्या मंदिर विद्यालय में शैक्षिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम, एलन अकादमिक छात्रों के लिए परीक्षा का आयोजन हुआ। मैथ्स, रिसनिंग, जर्नल नालेज, आंग्रेजी,बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स तथा कॉमर्स , जैसेविषयों पर विद्यालय में 20 अक्टूबर रविवार को शैक्षिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम,एलन अकादमिक छात्रों के लिए परीक्षा 5 कक्षा से 10 कक्षा तक का सफल आयोजन कराया गया जिसमे बीवीएम विद्यालय के साथ अन्य विद्यालयो के 273 छात्र छात्राओं ने भाग लिया,जिसका उद्देश्य बच्चों की प्रतिभाओं का आकलन एवं मार्गदर्शन करना है ताकि वे अपनी प्रतिभा को जान कर भविष्य के लिए उचित मार्ग चुन सके।

साथ ही विद्यालय स्तर पर भी साल में तीन बार सीबीटी का भी आयोजन कराया जाता है जिसकी पहली परीक्षा 19 अक्टूबर को आयोजित की गई जिसमे 6कक्षा से 12कक्षा तक बच्चों ने भाग लिया तथा मैथ्स, रिसनिंग, जर्नल नालेज, आंग्रेजी,बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स तथा कॉमर्स* जैसे विषय सम्मिलित थे।विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम को पूर्ण करना नही अपितु बच्चों का सर्वांगीण विकास करने में सहायता प्रदान करना है,जो विद्यालय आगे भी एसे अयोजन करता रहेगा जिसमे सभी का सहयोग अपेक्षित है।

## बुधनी उपचुनाव को लेकर टिकट की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं ने मनाया जश्न



**सीहोर।** बुधनी विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में भाजपा द्वारा प्रत्याशी की घोषणा के बाद नेताओं, कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। भाजपा ने यहां से पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है। उनके टिकट की घोषणा के बाद बुधनी विधानसभा में दीपावली से पहले ही जमकर पटाखे चलाए गए, दीवाली मनाई गई। नेताओं, कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर मुंह भी मीठा कराया। बुधनी विधानसभा के भैरूंदा, रेहटी, बुधनी सहित अन्य स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। रेहटी में सलकनपुर मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण मीणा, वरिष्ठ नेता आसाराम यादव, अनार सिंह चौहान, राजेंद्र मीना पटेल सहित अन्य नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया तो वहीं भैरूंदा में नेताओं, कार्यकर्ताओं ने दुर्गा मंदिर चौराहे पर एकत्रित होकर जमकर पटाखे चलाए तथा मिठाई बांटकर अपनी ख़ुशी का इज़हार किया। भाजपा मंडल भैरूंदा द्वारा दुर्गा मंदिर चौराहे पर आतिशबाज़ी की गई। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, जिला कोषाध्यक्ष ओम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, राजेश पवार, अमित मीणा, रितेश मकवाना, तुलसीराम पवार, विजय सोनी, गुड्डू राठौर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मेहरबान सिंह, नितिन मालवीय, राजेंद्र सोनी, मंगल कुशवाहा, पीयूष तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर बुधनी, शाहगंज, बकतरा सहित अन्य स्थानों पर भी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव की घोषणा के बाद जमकर जश्न मनाया, पटाखे चलाकर आतिशबाजी भी की। शाहगंज में कार्यकर्ता सड़कों पर आ गए एवं रमाकांत भार्गव के निवास पर पहुंचकर ढोल बजवाए एवं जमकर जश्न मनाया।

## बुधनी भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने बिजासन माता के दर्शन कर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**रेहटी।**बुधनी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने आज रेहटी तहसील के प्रसिद्ध सलकनपुर देवी धाम में मां विजयासन देवी के दर्शन कर पूजा पाठ की एवं ग्राम सलकनपुर से चुनाव प्रचार की शुरुआत साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया चुनाव एक जुटता से लड़ना है इस मौके पर कार्तिकेय सिंह चौहान भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम बुधनी से भाजपा प्रत्याशी पंडित रमाकांत भार्गव माता बिजासन दरबार पहुंचे जहां पर उन्होंने माता बिजासन की पूजन अर्चना का दर्शन किए इस मौके पर उनके



साथ केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जेस्ट पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान भी मौजूद रहे वही मीडिया से चर्चा करते हुए कहां की बुधनी विधानसभा क्षेत्र केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का क्षेत्र यहां पर सभी कार्यकर्ता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और हम शिवराज सिंह चौहान जी के कार्यों को पूरा करेंगे वही पूर्व मुख्यमंत्री एवं कृषि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जेस्ट पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि दादा रमाकांत भार्गव को भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिकट दिया गया है हम सब मिलकर बुधनी विधानसभा में काम करेंगे वही कार्यकर्ताओं द्वारा भी भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव एवं कार्तिकेय सिंह चौहान का जोरदार स्वागत किया इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 23

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भैरूंदा के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों सिविल इंजिनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक एण्ड टेलीकम्युनिकेशन, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी का अंतिम चरण चल रहा है। जिसकी पंजीयन की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। सभी वर्गों के इच्छुक विद्यार्थी कक्षा 10 वी के अंकों के आधार पर वेबसाइट के माध्यम से संस्था स्तर की काउंसलिंग (सीएलसी) के लिए 23 अक्टूबर 2024 रात्रि 11:30 बजे तक पंजीयन कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बंधित अन्य जानकारी के लिए मो.नं. 9617560675, 8109120037, 9753003324, 8720033264 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बुधनी विस उप निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए लगाई गई सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी आदेश में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा पूर्व में जारी आदेश क्रमांक/2577/उप निर्वा./2024 में आशिक संशोधन करते हुए सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने सेक्टर के क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें तथा हर गतिविधि पर नजर रखें एवं मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपने सेक्टर में निर्वाचन गतिविधियों के संपादन में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी निर्देशानुसार 45 सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें सेक्टर क्रमांक 01 के लिए कृषि उप संचालक केके पाण्डे, सेक्टर क्रमांक 02 के लिए पीआईयू कार्यपालन यंत्री देवेंद्र सिंह, सेक्टर क्रमांक 03 के लिए सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी चंद्रभान शर्मा, 04 के लिए जल निगम प्रबंधक मो. जैनुअल, 05 के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी उत्कृष्ट भारद्वाज, 06 के लिए सहकारिता प्रभारी उप आयुक्त सुधीर कैथवाल, 07 के लिए जिला विपणन अधिकारी प्रशांत वामनकर, 08 के लिए सड़क विकास प्राधिकरण सहायक प्रबंधक विजय श्रीवास्तव, 09 के लिए जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री दीपक चौकसे, 10 के लिए उपयंत्री जलसंसाधन विभाग नंदकिशोर यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सेक्टर क्रमांक 11 के लिए एवीएफओ हिमांशु अडसुले, 12 के लिए सहायक प्रबंधक एससी गोस्वामी, 13 के लिए जल संसाधन विभाग अनुविभागीय अधिकारी राहुल बामनिया, 14 के लिए बाल संरक्षण अधिकारी अनिल पोलाय, 15 के लिए जिला उद्योग प्रबंधक मनीष अलावा, 16 के लिए व्याख्याता रजनीश कुमार, 17 के लिए सहायक संचालक डॉ आरके शाक्य, 18 के लिए उपयंत्री मयूरेश मालवीय, 19 के लिए परियोजना अधिकारी विनोद प्रजापति, 20 के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रफुल्ल खत्री, 21 के लिए सहायक यंत्री जितेंद्र मण्डलोई, 22 के लिए ड्रग इंस्पेक्टर किरण मंगरे, 23 के लिए नापतोल निरीक्षक संतोष बांके, 24 के लिए उपयंत्री सनी अमरेलिया, 25 के लिए अ.वि.अ कोलार सब डिविजन बीडी बामने, 26 के लिए सहायक प्रबंधक एमके गोयल, 27 के लिए अनिल कुमार जाट, 28 के लिए उपयंत्री वीएन सिंह राणा, 29 के लिए उपयंत्री हर्षल कडडक, 30 के लिए व्याख्याता प्रमोद कुमार गायकवार की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सेक्टर क्रमांक 31 के लिए सहायक जिला परियोजना समन्वयक चंद्र शेखर वर्मा, 32 के लिए सहायक प्रबंधक दीपक सक्सेना, 33 के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज बलोदिया, 34 के लिए सहायक संचालक राजकुमार सगर, 35 के लिए उपयंत्री रॉय थामस, 36 के लिए अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग रवि मालवीय, 37 के लिए एसडीओ बहादुर सिंह मेवाड़ा, 38 के लिए उपयंत्री एनआर भारती, 39 के लिए उपयंत्री शशि कुमार झा, 40 के लिए श्रम निरीक्षक रविकांत प्रजापति, 41 के लिए सहायक यंत्री एसके जैन, 42 के लिए कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना, 43 के लिए परियोजना अधिकारी कुलदीप शर्मा, 44 के लिए परियोजना अधिकारी रामनाथ धुर्वे, 45 के लिए अनुविभागीय अधिकारी पीडब्ल्यूडी अन्वेष प्रताप सिंह की ड्यूटी लगाई है।

## सीहोर वाइस-कासा के मध्य कांटे की टक्कर 2-2



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर नेशनल खिलाड़ियों की टीम यहां पर आने वाले खिलाड़ियों को निशुल्क रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। शनिवार को सीहोर वाइस-कासा के मध्य कांटे का मुकाबला खेला गया था। जिसमें दोनों ही टीम का स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहा। इस रोमांचक मैच में सीहोर वाइस की टीम के दीपक अहिरवार और तरुण ने एक-एक गोल किया था।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि मणिपुर के 15 खिलाड़ी चर्च मैदान पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। नेशनल कोच के अलावा कई सीनियर खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिदिन यहां पर आने वाले खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया जा रहा है। इस दौरान शनिवार की शाम को मुकाबला खेला गया था। जिसमें दोनों ही टीम 2-2 की बराबरी पर रही।

इस मुकाबले में सीहोर वाइस की टीम के स्ट्राइकर दीपक अहिरवार ने मैच के 10 वें मिनिट पर गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन उसके बाद कासा क्लब के गोगई-सन ने एक-एक गोल किए। मैच के अंतिम समय में तरुण ने गोल कर इस मुकाबले को बराबरी पर कर दिया।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए वरिष्ठ प्रशिक्षक शैलेन्द्र चंदेल, मनोज दीक्षित मामा, आनंद उपाध्याय, दीपक गुरुवानी, विपिन पवार आदि शामिल थे।

## पीजी कॉलेज में दो दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ

# महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का मूक अभिनय की प्रस्तुति देकर किया विरोध




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शनिवार को उत्सव के दूसरे दिन सभागार में कला की विभिन्न विधाओं में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिताओं की कड़ी में सर्वप्रथम विद्यार्थियों के लिए प्रश्नमंच आयोजित किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश एवं भारत के सामान्य ज्ञान संबंधित प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए।

### मिमिक्री, एकांकी व कार्टूनिंग में भी सराहनीय प्रस्तुति दी

इसके बाद छात्राओं द्वारा मूक अभिनय की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। मूक अभिनय के माध्यम से छात्राओं ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का पुरजोर विरोध किया एवं महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद छात्रों द्वारा हास्य नाटिका के मंचन ने दर्शकों का मनोरंजन किया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में एकल वादन, परकशन एवं नान परकशन में भी छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

इसके अतिरिक्त मिमिक्री, एकांकी एवं कार्टूनिंग में भी विद्यार्थियों की सहभागिता सराहनीय रही।

नई शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों पर किए विचार साझा नई शिक्षा नीति एवं युवाओं के समग्र विकास विषय पर आयोजित वक्तृता प्रतियोगिता उत्सव का मुख्य आकर्षण रही। नई शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों एवं महत्व पर विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए। इन सभी विधाओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. रीना मरकाम द्वारा विद्यार्थियों को युवा उत्सव प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों से अवगत कराया गया।

## बुधनी उप-निर्वाचन के तहत भैरूंदा में बीएलओ की बैठक आयोजित



**सीहोर।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में भैरूंदा में सभी बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बीएलओ से मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन संबंधी जानकारी, न्यूनतम भौतिक आवश्यकता की जानकारी ली गई एवं उप निर्वाचन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में सभी बीएलओ से उनके क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, और फर्नीचर एवं न्यूनतम भौतिक आवश्यकता की जानकारी ली गई। इसके साथ ही यह निर्देश दिए कि यदि मतदान केंद्र पर कोई कमी हो, तो उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही बैठक में उप निर्वाचन के दौरान निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

## गार्डन, मंदिर, सड़क, विद्युत की नहीं की पूर्ति, काट दिए दर्जनों प्लॉट

# प्रशासन की अनदेखी के चलते काट दी कॉलोनाइजर ने अवैध कॉलोनी

## कॉलोनी के नियम का नहीं किया पालन, खरीदारों के साथ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर में कॉलोनाइजर द्वारा अवैध कॉलोनी काटने का काम प्रशासन की अनदेखी के चलते बड़े जोर- शोर से चल रहा है। वहीं वैध कॉलोनी बताकर लोगों को मुंह मांगे दामों में प्लॉट बिक्री किए जा रहे है ओर सहज रूप से रजिस्ट्री भी हो रही है। बिना निर्माण स्वीकृति, डायवर्सन के प्लाटो के निर्माण कार्य भी तीव्र गति से जारी है।

नगर में कई कॉलोनियां काटी जा रही है और प्रशासन चुप्पी साधे देख रहा है। ऐसा ही एक मामला खिलचीपुर के हाईवे रोड पर स्थित गाड़ गंगा नदी ब्रिज के पास स्थित इंद्रप्रस्थ विहार कॉलोनी का मामला सामने आया है, जिसमें कॉलोनाइजर ने सीसी रोड निर्माण नहीं कराया, विद्युत सप्लाई की व्यवस्था नहीं की है, पानी की टंकी भी नहीं बनवाई है। सिपेश व्यवस्था भी नहीं है, पार्क, मंदिर भी नहीं बनवाए गए ओर दर्जनों प्लाट काट दिये हैं। कुछ मकानों का निर्माण भी हो चुके हैं। वही कुछ प्लाटों के निर्माण जारी है। इस प्रकार नगर में प्लाट खरीदारों के साथ कॉलोनाइजर द्वारा ठगी की जा रही है। प्रशासन चुप्पी साधे देख रहा है ओर




लगातार लोग अज्ञानता के चलते कालोनाइजरों की ठगी के शिकार हो रहे हैं।

### कॉलोनी काटने के पहले कॉलोनाइजरों ने किया नियमों का उल्लंघन

कोई भी व्यक्ति कृषि भूमि पर कॉलोनाइजर बनकर अपनी कॉलोनी काटता है तो कॉलोनाइजर को शासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना होता है। नियमों के मापदंड को पूरा करने के बाद ही कॉलोनी को वैधता की पात्रता प्राप्त होती है। सर्वप्रथम कॉलोनाइजर को कृषि भूमि को व्यावसायिक भूमि में परिवर्तित करना होता है जिसमें भूमि का नक्शा, डायवर्सन, संबंधित विभागों से एन ओ सी , रेरा द्वारा प्रोजेक्ट की परमिशन, लेआउट, अनुज्ञा पत्र तथा नगर विकास प्राधिकरण व संबंधित जगह की पंचायत, नगर पंचायत, नगर निगम आदि से परमिशन ली जाती है। इन सभी फॉर्मेलिटी के पूरा करने के बाद कॉलोनाइजर कॉलोनी काटने का हकदार होता है अर्थात तभी कॉलोनी वैध कॉलोनी कहलाती है।

### कॉलोनीयों में सीसी सड़क पार्क, मंदिर, पानी टंकी, विद्युत सप्लाई की नहीं कोई व्यवस्था

प्रत्येक कॉलोनाइजर को अपनी कॉलोनी में शासन की नीति अनुसार मंदिर, पार्क, विद्युत सप्लाई, सड़क आदि सुविधाएं निर्माण कर मुहैया कराना आवश्यक है। लेकिन शहर में अवैध कॉलोनियों में इस प्रकार की कोई सुविधा लोगों को नहीं दी गई है, जो खरीदारों के साथ ठगी को दर्शाती है।

**मैं बाहर हूं...**

मैं बाहर हूं। आप विधायक जी से बात करें यह उनकी कॉलोनी है।

भूपेंद्र सिंह वर्मा,
कॉलोनाइजर इंद्रप्रस्थ विहार कॉलोनी।

**मेरी कोई कॉलोनी नहीं है**

मेरी कोई कॉलोनी नहीं है, न में कॉलोनाइजर हूं। अवैध है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

हजारीलाल दांगी, विधायक खिलचीपुर


**कार्रवाई की जाएगी**

जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

सुशील कुमार
एसडीएम खिलचीपुर।

## प्राचार्यों का वेतन काटने व विभागीय जांच के निर्देश

# पीएमश्री स्कूलों की अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर सख्त, की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में जिले के पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की। स्कूलवार हुई इस समीक्षा बैठक में करेड़ी संकुल प्राचार्य सीमा उपाध्याय के अनुपस्थित रहने पर उनका एक दिन का वेतन काटते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए।

बैठक में संकुलों की स्कूलवार समीक्षा हुई जिसमें बोर्ड परीक्षा के कम परिणामों एवं संकुल के स्कूलों में छात्रों की कम संख्या पर लखनवास हायर सेकंड्री स्कूल के प्राचार्य केवल सिंह भिलाला को भी नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देषित किया कि संकुल व अधीन आने वाले स्कूलों का भ्रमण कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि आगामी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने लखनवास स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश भी प्रदान किए।

### उत्कृष्ट कार्यों पर होगा सम्मान

इस समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले के पीएम श्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजीटल ई-लाइब्रेरी चालू हैं। इस पर कलेक्टर ने डीईओ करण सिंह भिलाला को निर्देषित किया कि स्कूलों में ऑनलाइन स्मार्ट क्लास से पढ़ाया जाए, यह व्यवस्था एक माह में की जाए। इसके साथ ही अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की बात भी उन्होंने कही। बैठक में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, संकुलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

## सोयाबीन में लगाई आग, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज



*जीरापुर। समीपवर्ती ग्राम नाईहेडा में खेत में रखी 2 बीघा की सोयाबीन में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। शुक्रवार की रात में आग लगाकर सोयाबीन नष्ट कर दी। जब सुबह खेत मालिक कृषक मौके पर पहुंचा तब तक उपज पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। किसान ने शनिवार सुबह पुलिस थाने में आग लगाने की सूचना देकर शिकायत दर्ज कराई। ग्राम नाईहेडा निवासी 44 वर्षीय किसान भगवान सिंह ने 2 बीघा में सोयाबीन की फसल काटकर खेत में रखी थी। सोयाबीन काटकर तिरपाल लगाकर ढांककर रख दिया गया था। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे अज्ञात आरोपियों ने खेत में रखी सोयाबीन में आग लगा दी। किसान सुबह खेत पर गया तब तक पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी। किसान की तहरीर पर पुलिस ने आगजनी में कायमी कर जांच शुरू कर दी। किसान का कहना है मेरी मेहनत की कमाई जलकर खाक हो चुकी है अब परिवार चलाना भी मुश्किल है। शासन प्रशासन से किसान ने आर्थिक मुआवजा की मांग की है।*

## ग्राम पंचायत दुग्या में 90 ग्रामीण बीमार

# गंदगी ने पैर पसारे, स्वच्छता अभियान की निकली हवा



सारंगपुर। प्रधानमंत्री द्वारा देशभर में स्वच्छता अभियान मिशन के रूप में चलाया गया। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ शौचालय सहित ग्रामीणों के लिए गांव में सीसी सड़क नली निर्माण के साथ उनकी सफाई के लिए टाइट अन टाइट मद दिया गया, ताकि गांव में स्वच्छता रहे। किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मिशन के नाम पर कागजी खाना पूर्ति की जा रही है यही कारण है कि बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी ने पैर पसार रखे हैं। गंदगी के कारण सारंगपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पठारी में बड़ी तादात में ग्रामीण बीमार हुए और दहशत में आ गए। बात कलेक्टर तक पहुंची और स्वास्थ अमले ने गांव में शिविर लगाया। उधर जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद कुमार सिंह द्वारा पंचायत अमले को कड़े निर्देश जारी कर गांव में तत्काल सफाई अभियान प्रारंभ करवाया ग्राम पठारी के ग्रामीणों का इलाज चल रहा था कि समीप ग्राम पंचायत दुग्या से खबर आई कि इस गांव में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण बीमार हो रहें हैं। जैसे ही दुग्या की खबर मिली जिला स्वास्थ अधिकारी किरण बरडिया एवं ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर धनजीत बड़ोदिया स्वास्थ अमले के साथ दुग्या पहुंचे और बीमार व्यक्तियों के जानकारी ली जिसमें कुल 90 लोग विभिन्न बीमारी से ग्रसित पाए गए। जिसमें बुखार के 35 अन्य दर्द के 55 मलेरिया के 48 और डेंगू के 16 सैंपल लिए गए साथ ही गांव के पेय जल स्त्रोत आदि में विभिन्न प्रकार के पावडर डलवाए गए तथा पंचायत को गांव में साफ सफाई के निर्देश दिए।



### अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में कुणाल चौहान का चयन

ब्यावरा। एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी का कबड्डी खिलाड़ी कुणाल पिता राजेश चौहान शासकीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस महाविद्यालय ब्यावरा का छात्र है। कोच राम भील ने बताया कि कुणाल चौहान का अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। कुणाल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रतियोगिता राजस्थान झुंझुनू के जेजेटी यूनिवर्सिटी में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जो 20 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इस इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद सैफी व खेल प्रेमी सहित स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## भावसार क्षत्रिय समाज ने शरद पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया



जीरापुर। शरद पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में द्वितीय दिवस भावसार क्षत्रिय समाज द्वारा एक दिवसीय गरबा (डांडिया) महोत्सव का आयोजन स्थानीय भावसार धर्मशाला हिंगलाज वाटिका पर रखा गया। जिसमें महिलाओ पुरुष एवं बच्चों युवाओं ने गरबा नृत्य किया। इस अवसर पर अलग-अलग स्टेप पर गरबा नृत्य करके मनमोहक प्रस्तुति दी। शरद पूर्णिमा महोत्सव के मोके पर भावसार समाज श्रीराम मंदिर पर सामूहिक आरती पश्चात खीर का प्रसाद वितरण किया गया। समाज अध्यक्ष अशोक भावसार द्वारा कहा गया की समाज उत्थान के लिए ऐसे छोटे-छोटे कार्यक्रमों से हम एक दूसरे से जुड़ते हैं व एकता का परिचय समाज में जाता है जिससे समाज को नई दिशा देने के लिए कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। इसलिए हम सब मिलकर समाज की एकता के लिए अग्रसर रहे नई पीढ़ी मे समाज के लिए कार्य करने की लगन जागृत करें।

# लोकमत अहिल्याबाई की जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में निकला चल समारोह

## चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर किया गया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शनिवार को दोपहर 3 बजे शहर के वैष्णो देवी मंदिर परिसर से सभी सर्व समाज एवं विद्यालय के बच्चे बच्चियों द्वारा नगर में पुराने अब रोड पर चल समारोह निकला गया। विदित हो कि यह चल समारोह देवी अहिल्याबाई होलकर की जन्म शताब्दी जयंती पर नगर के सामान्य नागरिकों को जागरूक करने एवं उनके विषय पर सभी का ध्यान आकर्षण करने हेतु उनके स्वरूप में बच्चियों को बैठक कुछ तथ्यों पर उनके स्लोगन लगाकर कुछ फ्लेक्स पर उनके फोटो लगाकर समाज को लोकमाता अहिल्याबाई के योगदान को समाज को पुनः याद दिलाते हुए सर्व समाज एकत्र होकर एक साथ उनके द्वारा करने कार्यों का अनुसरण कर एक बार पुनः मात्र शक्तियों में नवीन ऊर्जा का संचार करते हुए उन्हें अपनी शक्तियों का भान करते हुए समाज में अग्रणी रहकर समाज सुधारने के लिए सतत कार्यरत रहना चाहिए।

अहिल्याबाई होलकर जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा के चल समारोह निकल गया इसमें विशेष रूप इसमें कन्या शाला स्कूल मानस शिशु मंदिर ब्यावर पब्लिक स्कूल के कान्वेंट स्कूल एमटीएम कान्वेंट स्कूल एवं मातृशक्ति संगठनों द्वारा विद्यार्थियों को लाया गया एवं विशेष रूप से धनगर समाज लववंशी समाज नामदेव समाज सेन समाज बैरागी समाज की विशेष उपस्थिति के साथ अन्य समाज जान भी इस चल समारोह में उपस्थित थे। छोटे छोटे बच्चियों द्वारा अहिल्याबाई के स्वरूप में अपने आप को प्रदर्शित करते हुए उनके चरित्र का चित्रण समाज के सामने प्रस्तुत किया। चल समारोह में घोड़ी पर भी बच्चियों अहिल्याबाई के स्वरूप पर बैठकर पूर्ण आत्मविश्वास के साथ चल रही थी। चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर सभी समाजों के द्वारा स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई। जल की व्यवस्था की गई। पुलिस थाने के सामने जाटव समाज द्वारा अग्रवाल धर्मशाला के सामने अग्रवाल समाज द्वारा पेट्रोल पंप के सामने द्वारा पीपल चैराहे पर एकता ग्रुप के द्वारा अमृतपाल धर्मशाला के सामने बैरागी समाज द्वारा एवं बालाजी मंदिर के सामने ब्राह्मण समाज द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पुलिस प्रशासन आदि सभी के द्वारा विशेष योगदान रहा। व्यवस्थाएं सुचालक चलती रही कार्यक्रम का समापन पीपल चौराहे स्थित बड़े स्कूल में किया गया जहां समिति के सचिव द्वारा आभार प्रदर्शन कर समिति के अध्यक्ष श्री वीरम सिंह चौहान द्वारा उनके चरित्र के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया गया तथा सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापितकर कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## कैमिकल मिलाकर बनाई जाती है मदिरा

# अमले ने कच्ची शराब के डेरों पर दबिश दी, बनाए 5 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न तरह के कैमिकल मिलाकर अवैध तरीके से हाथ भट्टी वाली कच्ची शराब बनाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

पुलिस सहित आबकारी विभाग के लाख प्रयासों के बाद भी कैमिकल वाली कच्ची शराब के निर्माण पर रोक नहीं लग पा रही है। यह शराब न केवल मानव शरीर के लिए बहुत ज्यादा घातक होती है बल्कि अनेकों मामलों में इस शराब से मृत्यु तक हो जाया करती हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आबकारी विभाग ने गत दिवस राजगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बनाई जा रही कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दी। वृत्त प्रभारी संदीप लोहानी ने बताया कि ग्राम गोरियाखेड़ा, देहरीकराड़, चाटूखेड़ा के अड्डों पर दबिश देकर करीब 70




बल्क लीटर हाथ भट्टी की मदिरा को जब्ती में लिया गया है। शराब को जब्ती में लेने के साथ ही इसके निर्माण एवं विक्रय से जुड़े पांच लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। विभाग की इस कार्रवाई में मोहन सिंह यादव, राशिका साहू, गौतम लोधी की भी भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी लखनलाल ठाकुर ने बताया कि कच्ची और अवैध शराब के खिलाफ विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## अवैध रूप से अनाधिकृत आवासीय कॉलोनी विकसित करने पर कॉलोनाइजर्स पर एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा अवैध कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने की कार्यवाही सतत जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा तीन अलग-अलग आदेश जारी कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। अवैध रूप से अनाधिकृत आवासीय कालोनी विकसित करने पर अनावेदकगण किशनलाल आचार्य, लोकेन्द्र सिंह परमार, दीपक रघुवंशी, मोहनलाल आचार्य, मनीष आचार्य के विरूद्ध पुलिस थाने में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करने के दिए गए निर्देश..इसी क्रम में किशनलाल पुत्र स्व. जेठमल आचार्य वगैरह निवासी नेहरू नगर जैन टावर के पास भोपा, लोकेन्द्र सिंह पुत्र महाराज सिंह परमार निवासी फतेहपुर रोड शिवपुरी जिला शिवपुरी, दीपक पुत्र सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी दलवी कालोनी तहसील गुना, मनीष पुत्र विष्णुप्रसाद आचार्य तथा मोहनलाल पुत्र स्व. जेठमल आचार्य निवासी साले की कोठी बीकानेर राजस्थान द्वारा उनके स्वामित्व की ग्राम छावनी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 44/3/14 रकबा 0.417 हेक्टर, सर्वे नंबर 44/4/13/1 रकबा 0.384 हैक्टर एवं सर्वे नंबर 44/5/15/1 रकबा 0.344 हैक्टर भूमि में अवैध रूप से आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है। दूसरे प्रकरण में खेमोबाई पुत्री नारायण सिंह पत्नि प्रेमनारायण कुशवाह निवासी ईदगाहबाड़ी गुना जिला गुना द्वारा उनके स्वामित्व की तहसील गुना कस्बा गुना स्थित भूमि




सर्वे क्रमांक 117/9 रकबा 0.387 में अवैध रूप से आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है। तीसरे प्रकरण में राजकुमार पुत्र चिरोंजीलाल कुशवाह निवासी शीतला माता मंदिर मार्ग बंगला मोहल्ला जिला गुना द्वारा उनके स्वामित्व की तहसील गुना कस्बा गुना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 94/1/1/1 रकबा 0.094 हैक्टर भूमि में अवैध रूप से आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है।

उक्त प्रकरणों में संबंधित कालोनाइजर्स द्वारा अवैध रूप से अनाधिकृत आवासीय कालोनी विकसित करने, मौके पर मूलभूत सुविधाएं नही होने, कालोनाईजर का लायसेंस न होने एवं नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित नक्शा नही होने तथा कालोनी की विकास अनुमति नही ली गई। सभी प्रकरणों में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद गुना को निर्देशित किया गया है कि वे तदनुसार तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा संबंधित कालोनाईजर्स के विरुद्ध सम्बंधित पुलिस थाने में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कराकर उसकी सूचना 3 दिवस में मय एफआईआर की प्रति सहित न्यायालय कलेक्टर में भेजें।

## संत की अगवानी में बाइक रैली निकाल कर की महर्षि वाल्मीकि की महाआरती

# भारत संतों की भूमि है जहां स्थिर रूप से सनातन का परचम लहरा रहा है: संत उमेशनाथ महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारत वर्ष में अनेकों संत हुए हैं जिन्होंने सनातन धर्म को आगे बढ़ाया है। देश में कई उतार-चढ़ाव आए, अनेको आताताई आए लेकिन भारतवर्ष हमेशा स्थिर रहकर उन्नति की ओर अग्रसर है। क्योंकि भारत भूमि सनातनियों के साथ साथ संतों की भूमि है जहां स्थिर रूप से सनातन का परचम लहरा रहा है।

यह बात महर्षि वाल्मीकि जयंती पखवाड़े के तहत नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद वाल्मीकि धाम उज्जैन के पीठाधीश्वर बाल योगी संत उमेशनाथ महाराज ने उपस्थित लोगों के बीच कही। उन्होंने आगे कहा कि देश के सभी सनातनियों को सामाजिक समरसता का भाव लेकर जितना हो सके जरूरतमंदों का सहयोग करते रहना चाहिए साथ ही उन्होंने




कहां की हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म का कार्य करते हुए देश हिंदू राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को निलेश वर्मा, ओम पुष्पक, दिनेश सिंह सिसोदिया खेमचंद गिरजे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार गिरजे ने किया तथा आभार पूर्व पार्षद सतीश गिरजे ने माना।

### नगर में निकाली बाइक रैली

वाल्मीकि नवदुर्गा उत्सव समिति के नेतृत्व में बाल योगी संत उमेश नाथ महाराज की अगवानी में बाइक रैली निकाली गई। गोपालपुरा बायपास पर बाल योगी संत उमेश नाथ का स्वागत किया। तथा एक खुली कार में संत को विराजित कर बाइक रेली प्रारंभ होकर गोपालपुरा जयनगर इंदौर नाका पुराना बस स्टैंड महाराणा प्रताप चैराहा भेरू दरवाजा रोड होते हुए वार्ड क्रमांक 9 बाल्मीकि कॉलोनी पहुंची जहां संतश्री ने महर्षि वाल्मीकि की पूजा अर्चना कर महा आरती की कथा प्रसादी का वितरण किया। बाइक रैली में महादेव मित्र मंडल तथा बजरंग दल के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा बाइक रैली का नगर में महादेव मित्र मंडल बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया वहीं बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद के नेतृत्व में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संत उमेश नाथ महाराज को श्रीराम का चित्र भेंट किया। वहीं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के कार्यालय सेवा सदन पर भी महाराज का स्वागत किया गया। इसके पूर्व पार्षद अमित गिरजे के नेतृत्व में वाल्मीकि संत उमेश नाथ महाराज राज्यसभा सांसद का स्वागत एवं सम्मान कर एक मांग पत्र वार्ड क्रमांक 09 वाल्मीकि बस्ती में स्थित गोगा देव मंदिर के निर्माण के लिए अनुमानित लागत 20 लाख रुपए की मांग की गई एवं राज्यसभा सांसद एवं वाल्मीकि संत उमेश नाथ महाराज के द्वारा भी आश्वासन दिया।

### कलेक्टर ने दशहरा मैदान पर एप्रोच रोड व लेबलिंग कार्य का निरीक्षण किया

गुना। आगामी दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये दशहरा मैदान में पटाखों की दुकान लगायी जानी है एवं कृषि उपज मण्डी में भी किसान अपनी उपज बेचने के लिये आना प्रारंभ हो गये हैं। यदि आने वाले समय में कृषि उपज मण्डी में कृषकों द्वारा उपयोग किये जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ती है, तो दशहरा मैदान का वाहनों को खडा. करने वैटिंग स्थल के रूप में उपयोग किया जायेगा। इसकी तैयारी को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा दशहरा मैदान का सतत निरीक्षण किया जा रहा हैं। दशहरा मैदान में चारों ओर से तार फैसिंग का कार्य कराया जा रहा एवं एप्रोच रोड के लिये समतलीकरण का कार्य जारी है। शनिवार को कलेक्टर द्वारा कार्यो का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

खबर संक्षेप

## महिला मंडल ने दीपों से भक्तांबर का पाठ किया

**सीहोर।** आचार्य विद्यासागर जी महाराज व नवागत आचार्य समय सागर महाराज का जन्म दिवस पर गंज मंदिर में शंकुतला छाजेड़ के नेतृत्व में जय जिनेन्द्र महिला मंडल गंज ने गंज मंदिर में 48 दीपक से श्री भक्तामर का पाठ किया। आदिनाथ भगवान के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कर भक्ति भाव से पाठ का आयोजन रखा गया ।इस अवसर पर धार्मिक गेम भी रखे गए। धार्मिक गेम में प्रथम संगीता सेठी, दूसरे स्थान पर पद्मा कासलीवाल, तीसरे स्थान पर इन्दरा जैन सभी को पुरस्कृत शंकुतला छाजेड़ की ओर से किया गया। इस अवसर पर शंकुतला छाजेड़ ने कहा हम बहुत सौभाग्य शाली हैं हमने आचार्यश्री विद्यासागर जी के युग में जन्म लिया। प्रभावना छाजेड़ की ओर से दी गई।

## निरीक्षक पद पर चयनित होने पर किया स्वागत

**सीहोर।** राजश्री कॉलेज में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर का स्वच्छता निरीक्षक पद पर चयनित होने पर उनका स्वागत किया गया। राजश्री महाविद्यालय संचालक द्वारा पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर जिन्होंने राजश्री महाविद्यालय में विगत कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं।उनका स्वागत पुष्पमाला व साफा बांधकर किया गया। जिन्होंने महाविद्यालय में अपनी सेवाएं देते हुए मेहनत और लगन से पढ़ाई कर स्वच्छता निरीक्षक पद के लिए चयनित हुए हैं। महेश ठाकुर का चयन होने पर महाविद्यालय संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, प्रभारी मनोज कमलोदिया, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाड़ा, सविता बैरागी, रामवती मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, पूजा मेवाड़ा ने बधाई दी।

## बिजली बंद होने से किसान परेशान

**सीहोर।** खेमपुर गांव में पिछले 3 महीने से बिजली नहीं होने के कारण किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसकी वजह से किसान खेतों पर अपने पशुओं को पानी भी नहीं पिला पा रहे हैं। वहीं अब आगामी फसल में सिंचाई कार्य में भी बाधा उत्पन्न होगी। किसान कैलाश लालजीराम ने बताया कि खेमपुर 63 केवी परपटा वाले ट्रांसफार्मर से बिजली 3 माह से बंद है। इस कारण गांव के लोगों को परेशानी आ रही है। ग्रामीण मवेशियों को पानी भी नहीं पिला पा रहे हैं। इस संबंध में किसानों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को भी अवगत कराया है।

## सट्टा लिखते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**आष्टा।** नगर थाना अंतर्गत पुलिस ने सट्टा लिखते हुए एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि प्रधान आरक्षक पवन कुमार को सूचना मिली थी कि पुरानी सब्जी मंडी मे सट्टा लिखा जा रहा है। तभी पुलिस ने अमजद खा निवासी अलीपुर को पकड़ा और चेक किया तो उसके पास से अंक लिखी पर्ची, पेन व 3210 रुपए जब्त किए।

### किसानों को सोसाइटी से डीएपी और रखौदिया खाद ही मिल रहा

# यूरिया खाद नहीं मिलने से मायूस लौट रहे किसान, बोले-दो बार खाद लेने आना पड़ेगा

यूनिया नहीं मिलने से किसानों का काम भी प्रभावित हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले की ग्राम पंचायत बफापुर मुगली में किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है। सोसाइटी से अभी किसानों डीएपी और रखौदिया खाद ही दिया जा रहा है। यूरिया लेने आए किसान मायूस होकर लौट रहे हैं जबकि किसानों के सामने ही गोडाउन में यूरिया का स्टॉक हो रहा है। सोसायटी के अधिकारी के मुताबिक यूरिया के लिए कोड आएगा मशीन द्वारा ही हर किसान को खाद वितरण किया जाएगा। एक किसान को एक एकड़ के ऊपर दो बोरी यूरिया ही दिया जाएगा। इससे अधिक नहीं दिया जाएगा।किसान मेहरबान सिंह का कहना है कि में एक एकड़ पर चार बोरी रखौदिया की और एक बोरी डी,ए,पी की लेकर जा रहा हूं।

### दो बार में लेकर जाएंगे खाद

यूरिया की गाड़ी खाली हो रही हैं लेकिन सुपरवाइजर द्वारा बताया गया कि अभी यूरीया नहीं बांट रहे हैं। जब तक आगे से मशीन के कोड नहीं आएंगे यूरिया नहीं बटेगा। यूरिया की बोरी मशीन द्वारा ही हर किसान को दी जाएगी।अब हर किसान को दो बार खाद लेना आना होगा क्योंकि एक साथ यूरिया और डीएपी नहीं मिल रहा है। अभी सिर्फ डीएपी और राखोडिया खाद ही मिल रहा है यूरिया आठ दिन बाद बटेगा फिर किसानों को आना होगा।

# अस्थाई पुलिस सहायता केंद्र का कायाकल्प

### चौकी में जल्द तैनात होगा पुलिस बल



**आष्टा।** नगर में बनी पुलिस चौकी का हो रहा कायाकल्प।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के सिकंदर बाजार में पुलिस विभाग ने चौकी का कायाकल्प किया है। यहां पर जल्दी ही पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सिकंदर बाजार में पुलिस चौकी चालू होने से शहरवासियों को पुलिस थाने नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि पुलिस थाना काफी दूर है और चौकी अब शहर के बीचों-बीच बनी है।

एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि सिकंदर बाजार स्थित पुलिस सहायता केंद्र का कायाकल्प किया जा रहा है। अमलकर ने बताया की संवेदनशील इलाके की इस अस्थाई पुलिस सहायता केंद्र को स्थाई रूप से बनाने के लिए पुलिस विभाग से मांग की गई है। आष्टा थाना को नया भवन मिला, पार्वती थाना अभी भी किराए के भवन में शहर की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए करीब 3 वर्ष पहले शासन ने एक और थाने की सौगात दी थी। पार्वती थाना शहर को नया थाना मिला है।

फिलहाल पार्वती थाना इंदौर नाके के पास किराए के भवन में संचालित हो रहा है। इधर कन्नौद रोड स्थित आष्टा थाने को पिछले महीने नया थाना भवन मिला है। जिसका थाना प्रभारी रविंद्र यादव पौधरोपण कर नया रूप देने में लगे हैं। परिसर में गार्डन बनाया गया है।

# अन्न को धरती पर साक्षात ब्रम्हा का स्वरूप भी माना गया: अतिया औसफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत में अन्न को ऊपर वाले का वरदान, भगवान का दर्जा दिया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अन्न को धरती पर साक्षात ब्रम्हा का स्वरूप भी माना गया है। व्यक्ति जब भी भोजन करता है, उससे ठीक पहले प्रार्थना कर वह भगवान को धन्यवाद देना नहीं भूलता। देखा जाए तो मानव सभ्यता जितनी पुरानी हैं। उतनी ही यह समान नजरिए से सभी धर्मों में मान्य भी है। उत्तम भोजन न सिर्फ शरीर के लिए बल्कि दिमाग के लिए भी फायदेमंद रहता है लेकिन आज हम देख रहे हैं कि किशोरों ने जंक फूड का इस्तेमाल कर खान पान की दुश्वारियां बढ़ा ली हैं।

आज पिज्जा, बर्गर, पास्ता, नूडल्स, चॉकलेट आईसक्रीम और कोल्डड्रिंक ने भोजन का स्थान ले लिया है। हर समय थाली में उतना ही भोजन लेना चाहिए जिससे अन्न की बर्बादी न हो। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के तत्वाधान में विश्व खाद्य दिवस के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि बारिया शिक्षा एवं कल्याण समिति-तारा फाउंडेशन की संचालिका अतिया औसाफ ने कहे। कार्यक्रम का आयोजन परिषद के जिलाध्यक्ष विष्णु प्रजापति के निर्देश पर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का सफल संचालन श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने कहा कि हमें खाद्य सुरक्षा के पूरे प्रयास करना चाहिए। खाद्य सुरक्षा हासिल करने का अर्थ है भूख के मूल कारणों, जैसे गरीबी, असमानता और अपर्याप्त कृषि प्रणालियों से निपटना।

इस साल विश्व खाद्य दिवस सरकारों से आग्रह करता है कि वे खाद्य नीतियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करें जो स्थानीय कृषि को बढ़ावा देती हैं, छोटे किसानों का समर्थन करती हैं और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करती हैं। एफएओ की मानें तो दुनिया भर में 2.8 अरब से अधिक लोग स्वस्थ भोजन का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन सभी प्रकार के कुपोषण का प्रमुख कारण है। कुपोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और मोटापा, जो अब अधिकतर देशों में मौजूद है। फिर भी आज बहुत से लोग भूख से पीड़ित हैं और स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।

## झालकी-नयापुरा सड़क खराब: जलभराव और कीचड़ होने से बढ़ी फिसलन, खेतों पर पहुंचना हुआ मुश्किल

**सीहोर।** इछावर जनपद में झालकी के नयापुरा सड़क का हाल इन दिनों बेहद खराब है। इस सड़क पर पानी भरने और कीचड़ जमा होने की समस्या ने यहां से गुजरने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खासतौर पर किसानों को इस समस्या का अधिक सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि गांव के ज्यादातर किसानों के खेत इसी मार्ग पर स्थित हैं। यह सड़क न केवल ग्रामीणों के लिए आवागमन का मुख्य जरिया है, बल्कि खेती के कामों के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। सड़क का कभी निर्माण नहीं हुआ। सिर्फ किसान चंदा कर सड़क पर पत्थर डलवाते है। बारिश के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर हर जगह पानी भर जाता है। कई स्थानों पर गड्ढे होने के कारण पानी जमा हो जाता है, जिससे कीचड़ होता है और सड़क बेहद फिसलन भरी हो जाती है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले वाहनों को काफी परेशानी होती है और हादसे भी आम बात हो गए हैं। पैदल चलने वालों के लिए यह मार्ग एक बड़ी चुनौती बन गया है। किसानों को इस सड़क पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। झालकी और नयापुरा के अधिकतर किसान अपने खेतों के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। खेतों तक पहुंचने के लिए उन्हें इसी सड़क से होकर जाना पड़ता है, लेकिन पानी और कीचड़ के कारण यह मार्ग पूरी तरह से दुर्गम हो चुका है।

## बिजली की केबल दे रही दुर्घटनाओं को आमंत्रण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर

**सीहोर।** ग्राम पंचायत रायपुरा में बिजली कंपनी के जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा पटेल मोहल्ला के रहवासी भुगत रहे है। रहवासियों ने बताया कि कमजोर बिजली की केबल आए दिन जलकर फाल्ट हो रही है। जिस के कारण ग्रामीणों के बिजली उपकरण भी खराब हो रहे है। वही बिजली नहीं होने के कारण अंधेरे में रात गुजारनी पड रही है। जब की समस्या को लेकर ग्रामीण कई बार बिजली कंपनी के अधिकारी और लाइनमेन से भी शिकायत कर चुके है, लेकिन इसके बाद भी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। गुरूवार को भी अचानक पटेल मोहल्ले में लगे ट्रांस्फार्मर की केबल अचानक जलकर फाल्ट हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना लाइनमेन को दी, लेकिन समस्या का हल नहीं निकला, आखिरकार ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर बिजली का तार जोडा, तब कही जाकर बिजली सप्लाई शुरू हो सकी।ग्रामीण कुमेर सिंह कुशवाह, राधेश्याम सेन, विषणु सेन, अनिकेत कुशवाह, कमलेश गोस्वामी ने बताया कि बिजली फाल्ट होने की समस्या आए दिन बनती रहती है।

# मैहर में खेली जा रही फुटबाल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश के मणिपुर और सीहोर के खिलाड़ी इन दिनों 45 दिवसीय शिविर में सीहोर के चर्च मैदान पर खेल रहे है। वहीं सतना के मैहर में अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट हो रहा है, यहां पूरे भारत से टीमें आई हुई हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सीहोर की कासा टीम मैहर के लिए रवाना हुई। इस मौके पर यहां पर खेल संघ के पदाधिकारियों ने शानदार प्रदर्शन की कामना की। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के मनोज कन्नोजिया ने बताया कि करीब दो सप्ताह से शहर के चर्च मैदान पर मणिपुर टीम और सीहोर टीम का संयुक्त रूप से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सतना के मैहर में अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कासा क्लब के अलावा उडीसा, जयपुर, लखनाऊ, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश पुलिस, पुलिस बल जबलपुर, मुबंई, राऊकेला सहित अन्य देश के कोने-



कोने से आई टीमें शामिल है। दस दिनों तक होने वाले इस प्रतियोगिता के तीसरे दिन कासा क्लब सीहोर का मुकाबला महाराष्ट्र की टीम से है।

# बिजली विभाग की लापरवाही कभी जनहानी और पशुहानी ना बन जाए: जगदीश चौहान





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बिजली विभाग की लापरवाही कही जनहानी और पशुहानी न बन जाएं इस विषय का अंदेशा व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश चौहान ने बताया कि मैं रोज सुबह सेमनरी रोड पर मॉर्निंग वॉक पर जाता हूं जिसमें पुष्पा कल्याण हॉस्पिटल के पास में रोड के साइड पर लगे विद्युत पोल खंभे पर नीचे लटके हुए मीटर और उनके आस पास फैला तारो का मकड़जाल जिसपर किसी भी पशु का मुंह आसानी से पहुंच जाता है। ऐसा नहीं की छोटे बच्चे का हाथ न पहुंचे यह एक गंभीर समस्या है जो बहुत छोटी है। लेकिन भविष्य में किसी बड़ी जनहानि और पशु हानी के अंदेशा से इंकार नहीं कर सकते। कांग्रेस नेता जगदीश चौहान ने उक्त घटना को अपने मोबाइल में कैद कर फोटो और जानकारी से जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को अपने ट्विटर अकाउंट से टेक किया। इसी के साथ ही स्थानीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर और कलेक्टर के साथ स्थानीय एसडीम सहित बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को व्हाट्सएप पर शेयर किया है। साथ ही कांग्रेस नेता जगदीश चौहान ने बिजली विभाग के कुछ एक जिम्मेदारों को फोन कर उक्त गंभीर घटना से अवगत कराते हुए बिजली के खंभे पर लगे मक्कल जल की तरह विद्युत मीटर को व्यवस्थित कर किसी अन्य स्थान पर वही ऊपर स्थापित करने की मांग की है। साथ ही कांग्रेस नेता जगदीश चौहान ने भविष्य की इस गंभीर परेशानी की संभावनाएं बरकरार बनी रहती है को स्थाई हल कर जनहित में कार्य करने का आग्रह किया।

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चल रहा चातुर्मास

# घर के साथ आत्मा की सफाई भी अवश्य करें: निष्प्रह सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दीपावली पर घर और दुकान की सफाई तो सभी किया करते है पर अपनी आत्मा की सफाई भी कर लिया करो ,यही आत्मा की सफाई हमें भव -भव के भटकने से मुक्ति दिलाएगी। शुद्धि आठ प्रकार से होती है ,यह व्यवस्था मुनिराजों के लिए है।अधिक बोलना विभाव है ,विकृति है। सच्चा साधु बोलता कम है वचनों के प्ररूपण होने से थोड़ा सा भी वचन गलत बोल देने से जिनवाणी का दोष लगता है ।मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान में होता है।न्याय और नीति का श्रीराम ने उल्लंघन नहीं किया।

श्री राम चाहते तो सीता को तत्काल ले आते। राजा का मंत्री अच्छा और अनुभवी होना चाहिए।जहां काम, क्रोध, मोह, माया आ जाए वहां विनय नहीं होती। चापलूसी करने वालों से बचना चाहिए।साधु और समाज दोनों धर्म के लिए अपना -अपना सहयोग देते हैं।जभी धर्म आगे चलता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री निष्प्रह सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा अगर आप किसी के अच्छे मित्र हैं तो अपने मित्र की गलती को बताएं। श्रावक को साधु की विनय करना चाहिए। कभी-कभी नीम और मैथी खाना पढ़ती है, रोज नहीं।इसी प्रकार हित मित वचन बोलना चाहिए।मन में विकृतियां नहीं आना चाहिए। रत्नात्रय की शुद्धि शरीर में आ जाएं वहीं व्यक्ति कल्याण करता है।



नवधा भक्ति व शुद्धि आवश्यक है। मुनिश्री निष्प्रह सागर महाराज ने कहा वक्ता के भाव देखना चाहिए। साधु -संतों के मन में कषाय हैं, मुंह फूला हुआ है,वचन तेजी से निकल रहें हैं तो भाव अच्छे नहीं हैं। सिथलाचार,हर कुछ बोलना,अंदर मिथ्यात्व बैठा है, समझों अभी साधु बने हैं। सम्यकदृष्टि को बड़ा बनना पड़ता है तथा बाप का भी बाप बनना पड़ता है। हमें अपने धर्म और संस्कृति को बढ़ाना होगा। अमृत कितना ही अच्छा हो, अगर जहर के साथ परोसेंगे तो क्या वह अमृत आप सेवन करेंगे। जहां राग,-द्वेष और कषाय हैं वहां मिथ्यात्व है।राग,-द्वेष और कषाय मन में हैं तो भाव शुद्धि नहीं। मुनिश्री ने कहा सबसे पहले शरीर को शांत करना चाहिए। दुनिया में जितने भी अज्ञानी, कमजोर व्यक्ति हैं वह जबाब देता है और ज्ञानी व्यक्ति शांत रहते हैं। संसार में सब क्षण भंगुर है। श्रीराम ने लंका को जीतने के बाद वापिस लौटाया। विदुर जैसे विद्वान ने धृतराष्ट्र राजा को समझाया कि पांडवों को राज्य सौंप दो, धृतराष्ट्र नहीं माने, महाभारत हुई और परिणाम सभी जानते हैं।पूजा अर्चना कर रहे और मन में भाव अशुद्ध चल रहे हैं तो उक्त पूजा अर्चना का क्या लाभ। पूजा अर्चना के दौरान भावों में शुद्धता होना चाहिए। आप धर्म और पुण्यार्जन करने का उद्देश्य रखते हैं। विवेक और आगम पूर्वक क्रिया करें। गलत को गलत कहें।पाप और मिथ्यात्व से बचें।जिस प्रकार बच्चे को गलती पर डांटते हैं और समझाते हैं,उसी प्रकार साधु को भी गलती पर बताएं। धर्म शांति के लिए है। तुष्टिकरण की नीति हमसे नहीं बनती है।नय की व्यवस्था समझ मे आ जाये तो किसी प्रकार का विसंवाद ही नही होगा। जहां शरीर है ही नही उन्हें सिद्ध अवस्था कहते है ,जो अपने लक्ष्य को याद नही रखता है वह अपनी राह में आगे नही जा सकता है। हम ऊपर की ओर जाना चाह रहे कि नीचे की ओर राग द्वेष से हट कर अपनी वाणी में नम्रता रखो।

निष्प्रह एक क्रिया है, निष्प्रह एक भाव है, अपेक्षा निग्रह का कारण है आग्रह मिथ्यात्व की कड़ी है ।सबसे पहले वक्ता की भाव शुद्धि होना चाहिए जब भाव शुद्धि की व्यवस्था बने राग द्वेष से रहित होने पर ही भाव शुद्धि होती है।विकृति में भाव शुद्धि नही होती जो व्यक्ति आगमिक होता है प्रमाणिक होता है वह कैसे भी विपरीत परिस्थिति आ जाये अपने मार्ग से विमुख नही होता। परीक्षा में पास होना ही उत्तम भावों का परिणाम है।जिस प्रकार साधु अपने नित्य कर्मो में व्यवस्थित रहते है उसी प्रकार श्रावक को भी रहना चाहिए। जहां राग ,द्वेष ओर कषाय बैठी हुई है ,वहा मिथ्यात्व भी बैठा हुआ है ।बाहर से तो थोड़ा बहुत दिखता है अंदर से राग- द्वेष नही होना चाहिए ।अपने शरीर को शांत बनाया जाता है ,जितना भी कमजोर व्यक्ति हैं ,अज्ञानी है वही प्रतिक्रिया देता है ज्ञानी तो शांत बैठता है ।राम ने न्याय नीति का कभी उल्लंघन नही किया, चाहते तो सीता को धोखे से उठा लाते पर उन्होंने ऐसा नहीं किया।

# जनशिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सीहोर जिले अंतर्गत तहसील जावर के मेहतवाड़ा में जन शिक्षा केंद्र में शनिवार को जनशिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य कक्षा के प्रत्येक बच्चे को चिंतन करने, शिक्षक से अपनी बात रखने, पढ़ाई से संबंधित प्रश्न रखने और सामंजस्य बनाए रखने के समान अवसर प्रदान करना है। मिडिल और प्राइमरी स्कूल के सहजकर्ता ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान शिक्षक हीरालाल मालवीय ने आंकलन, आवधिक आंकलन, ट्रेकर अपडेट, एक अंकीय जोड़, एक अंकीय घटाव, हासिल वाले जोड़ और हासिल वाले घटाव की सूक्ष्म जानकारी दी और किस तरह सरलता से हल किया जा सकता उसके बारे मे जानकारी दी गई। इस दौरान मिडिल और प्राइमरी के सहजकर्ता जनशिक्षक रामचरण लुवाना, सहज़कर्ता हीरालाल मालवीय, मिडिल से सुरेशचंद्र राठौर, सहजकर्ता अम्बाराम कलेशरिया आदि उपस्थित रहे।